JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

# KAMALA NIKETAN MONTESSORI SCHOOL (CBSE)

BBL9V66

## संकलित परीक्षा – II (2016-17)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा – X

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ**।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड-क ( अपठित बोध )

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2x6=12) 12

हमारे देश में कुछ लोगों के हाथों में धन केन्द्रित है। वे रुपये से रुपया कमाने को आतुर रहते है, इसलिए उचित-अनुचित सभी साधनों का प्रयोग अपनी आर्थिक प्रगति के लिए करते हैं। कालाधन, हमारे अर्थतन्त्र को बुरी तरह से जकड़े हुए हैं। अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया है कि जितना रुपया सरकारी खजाने में है, उतना ही पूंजीपतियों के पास कालेधन के रूप में जमा है। कालेधन से ये पूँजीपति अपना व्यवसाय फैलाने के लिए राजनीतिक दलों, मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों के पास थैलियाँ पहुँचाते हैं। इससे सारा सरकारी शासन तंत्र शिथिल हो रहा है और पूंजीपतियों को जनता के साथ खिलवाड़ करने की खुली छूट मिल रही है। अब स्थिति इतनी भयंकर होती जा रही है कि सरकार इन पूंजीपतियों पर अपना शिकंजा जितनी मजबूती के साथ कड़ा करना चाहती है उतनी ही फुर्ती के साथ ये चिकनी मछली की तरह उसके पंजों में से फिसल जाते हैं। जनजीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं का खुले बाजार में अभाव है और चोर बाजारी से वे बेभाव मिल रहीं हैं। अब तो हालत यह है कि 'घर को आग लग गई घर के चिराग से'।

(1) अर्थशास्त्रियों का कालेधन के विषय में क्या अनुमान है?

(2) जनजीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं की क्या स्थिति है?

(3) सरकारी शासन तंत्र क्यों शिथिल पड़ गया है?

(4) चिकनी मछली से लेखक का क्या अभिप्राय है?

(5) किस स्थिति को लेखक ने भयंकर कहा है?

(6) 'घर को आग लग गई घर के चिराग से' कहावत से लेखक का क्या आशय है?

2 **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** 2x4=8 8

वर्षा-बहार सब के, मन को लुभा रही है
नभ में छटा अनूठी, घनघोर छा रही है।
बिजली चमक रही है, बादल गरज रहे हैं
पानी बरस रहा है, झरने भी ये बहे हैं।
चलती हवा है ठंडी, हिलती हैं डालियाँ सब
बागों में गीत सुंदर, गाती हैं मालिनें अब।
तालों में जीव जलचर, अति हैं प्रसन्न होते
फिरते लखो पपीहे, हैं ग्रीष्म ताप खोते।

करते हैं नृत्य वन में, देखो ये मोर सारे
मेढ़क लुभा रहे हैं, गाकर सुगीत प्यारे।
खिलते गुलाब, कैसा सौरभ उड़ा रहा है

(1) काव्यांश में किस ऋतु का वर्णन है और नभ की छटा कैसी है?

(2) वर्षा ऋतु से संसार को क्या लाभ है?

(3) वर्षा ऋतु की हवा का वनों पर क्या प्रभाव है?

(4) वर्षा होने पर जलचरों पर क्या प्रभाव पड़ता है? क्यों?

**खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )**

3 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –1x3=3 3

(क) मिश्र वाक्य में बदलिए-
जहरीला भोजन करते ही वह चक्कर खाकर गिर गया।

(ख) संयुक्त वाक्य में बदलिए –
बीमार होने के कारण वह चिकित्सक के पास चला गया।

(ग) रचना के आधार पर वाक्य – भेद बताइए –
जिसका डर था, वही आज हो गया

4 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : (1x4=4) 4

(i) कृपा से मेरा काम जल्दी कर दें।

(ii) आप मेरे को यहाँ से जाने दें।

(iii) मैंने उन्हें अनकों बार समझाया।

(iv) वहाँ तो कई लोगों आए थे।

5 (क) 'रथारूढ़' का समास विग्रह कीजिए। (1x4=4) 4

(ख) 'प्रेम का सागर' का सामासिक पद बनाइए।

(ग) 'चन्द्र-शेखर' किस समास का उदाहरण है?

(घ) द्विगु समास का एक उदाहरण लिखिए।

6 (1) शब्द और पद में अंतर बताइये। (1x2=2) 2

(2) बच्चों ने एक <u>**किताब**</u> खरीदी। वाक्य में रेखांकित का नाम लिखिए, 'पद' है या शब्द।

7 (क) 'हाथ फैलाना' का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1x2=2) 2

(ख) उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –
चोर पुलिस को देखकर नौ ---------- गया (भाग गया)

**खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)**

8a शुद्ध आदर्शों की तुलना सोने से और व्यवहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है? 'गिन्नी का सोना' प्रसंग के आधार पर बताइए। 2

8b रॉबिनहुड कौन था? कर्नल को रॉबिनहुड की याद किसे देखकर आती थी और क्यों? 'कारतूस' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। 2

8c जनरल झिगालॉव का नाम सुनकर ओचुमेलॉव ने अपनी बात को कैसे और क्या कहकर मोड़ा? 1

9 'अब कहाँ दूसरों के दुख में दुखी होने वाले' पाठ का संदेश स्पष्ट कीजिए। 5

10 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —(2+2+1)** 5

"जनरल झिगालॉव! हूँ येल्दीरीन, मेरा कोट उतरवाने में मेरी मदद करो... ओफ़्फ़! आज कितनी गरमी है। लग

JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

रहा है बारिश होकर रहेगी,'' वह ख्यूक्रिन की तरफ मुड़ा — ''एक बात मेरी समझ में नहीं आती-आखिर इसने तुम्हें कैसे काट खाया? यह तुम्हारी उँगली तक पहुँचा कैसे? तू इतना लंबा-तगड़ा आदमी और यह रत्ती भर का जानवर! जरूर ही तेरी उँगली पर कोई कील वगैरह गड़ गई होगी और तत्काल तूने सोचा होगा कि इसे कुत्ते के मत्थे मढ़कर कुछ हरजाना वगैरह ऐंठकर फ़ायदा उठा लिया जाए। मैं तेरे जैसे शैतान लोगों को अच्छी तरह समझता हूँ।''

''इसने अपनी जलती सिगरेट से इस कुत्ते की नाक यूँ ही जला डाली होगी, हुज़ूर! वरना यह कुत्ता बेवकूफ़ है क्या जो इसे काट खाता!'' येल्दीरीन ने कहा — ''हुज़ूर! मैं जानता हूँ यह ख्यूक्रिन हमेशा कोई न कोई शरारत करता रहता है।''

(1) ओचुमेलॉव को कोट उतारने की ज़रूरत क्यों पड़ी?

(2) जनरल झिगालॉव का नाम सुनते ही ख्यूक्रिन के प्रति ओचुमेलॉव के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया?

(3) येल्दीरीन ने ख्यूक्रिन के बारे में क्या कहा?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**- (2+2+1)

11a देश की आज़ादी और सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए किस परंपरा को निभाने की आवश्यकता होती है? 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर बताइए। 2

11b ''मनुष्यता'' कविता के द्वारा कवि किस बात की सावधानी बरतने की सीख देते हैं? स्पष्ट कीजिए। 2

11c 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' कविता के माध्यम से कवयित्री किस प्रकार का प्रकाश फैलाना चाहती है? बताइए। 1

12 'आत्मत्राण' कविता में कवि को परमात्मा से क्या-क्या अपेक्षाएँ नहीं है? इसमें उनकी किस शक्ति की झलक छिपी है? बताइए। 5

13 लेखक को फूलों से बहुत प्रेम था - उसका यह प्रेम किस प्रकार प्रकट होता था? प्रकृति के प्रति प्रेम के विषय में अपने स्वतंत्र विचार प्रगट कीजिए। 5

## खण्ड-घ ( लेखन )

**दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

14 **हिंदी भाषा : राष्ट्रीय एकता का प्रतीक :** 5

- संपर्क भाषा के रूप में
- अनेकता में एकता
- हिंदी के प्रति छात्रों की रुचि

**अथवा**

**मैं और मेरा देश :** 5

- अर्थ
- देश प्रेम
- मेरा कर्तव्य

**अथवा**

**फूल व्यक्त करते हैं हमारी भावनाएँ** 5

- फूलों का बढ़ता चलन
- फूल हैं हमारी भावनाओं का आईना
- विभिन्न अवसरों पर फूल ही बनते हैं उद्गार

15 आप एक साप्ताहिक समाचार पत्र के नन्हे संपादक बनना चाहते हैं। किसी प्रख्यात समाचार पत्र के संपादक को इस विषय में पत्र लिखिए। 5

JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

16 परीक्षा नजदीक आने के कारण कमजोर छात्रों हेतु अतिरिक्त कक्षाएं लगेंगीं। इस हेतु विवरण देते हुए लगभग 20-30 शब्दों में एक सूचना लिखिए। 5

17 रीना के घर बेटी का विवाह है। उसकी पति के साथ हुई बातचीत को संवाद शैली में लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

18 टी.वी. शोरूम 32, कंकड़ रोड़ पटना में रिसेप्सनिस्ट की आवश्यकता के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (अधिकाधिक 20-25 शब्दों में) 5

-o0o0o0o-